## SECTION – I
## खण्ड – I

# CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY
# बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

There are **30** questions in **all** in this section.
**All** questions are compulsory.
इस खण्ड में कुल **30** प्रश्न हैं ।
**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** Which of the following is most important in learner centered curriculum ?

(A) Teacher (B) Child
(C) Contents (D) Environment

शिक्षार्थी केंद्रित पाठ्यक्रम में निम्नलिखित में से कौन सबसे महत्त्वपूर्ण है ?

(A) अध्यापक (B) बच्चा
(C) विषयवस्तु (D) वातावरण

**2.** Repeatedly asking children to engage in learning activities either to avoid punishment or to gain a reward will

(A) Decrease extrinsic motivation
(B) Increase intrinsic motivation
(C) Would encourage children to focus on mastery rather than performance goals.
(D) Decrease children's natural interest and curiosity involved in learning.

बार-बार बच्चों को सजा से बचने या इनाम पाने के लिए सीखने की गतिविधियों में संलग्न होने के लिए कहना क्या दर्शाता है ?

(A) उनकी बाहरी प्रेरणा को कम करता है ।
(B) उनकी आन्तरिक प्रेरणा को बढ़ाता है ।
(C) बच्चों को लक्ष्य प्रदर्शन की बजाय महारथ हासिल करने के प्रति ध्यान केन्द्रित करने के लिए प्रोत्साहित करता है ।
(D) बच्चों की प्राकृतिक रुचि और सीखने में शामिल होने की जिज्ञासा को कम करता है ।

**3.** According to RTE Act, 2009 working hours per week for teachers are

(A) 40 hours (B) 42 hours
(C) 45 hours (D) 48 hours

आर.टी.ई. अधिनियम, 2009 के अनुसार शिक्षकों के लिए प्रति सप्ताह काम के निर्धारित घंटे हैं

(A) 40 घंटे (B) 42 घंटे
(C) 45 घंटे (D) 48 घंटे

**4.** Which among the following is different from the characteristics of a Good test ?

(A) Reliability (B) Validity
(C) Objectivity (D) Aptitude

निम्न में से कौन सा एक उत्तम परीक्षण की विशेषताओं से भिन्न है ?

(A) विश्वसनीयता (B) वैधता
(C) वस्तुनिष्ठता (D) अभिक्षमता

**P.T.O.**

**5.** The purpose of evaluation is

(A) To label children as slow learner and gifted children.
(B) To identify children who need remedial measures.
(C) To diagnose learning difficulties and problem areas.
(D) To provide feedback on the extent to which we have been successful in imparting education for a productive life.

मूल्यांकन का उद्देश्य क्या होता है ?

(A) बच्चों को मंद शिक्षार्थी और प्रतिभाशाली बच्चों के रूप में अंकित करने के लिए।
(B) उन बच्चों की पहचान करने के लिए जिन्हें उपचारी उपाय की आवश्यकता है।
(C) सीखने की कठिनाइयों और समस्या क्षेत्रों का निदान करने के लिए।
(D) उस सीमा तक प्रतिपुष्टि प्रदान करना जहाँ तक हम उत्पादनशील जीवन के लिए शिक्षा प्रदान करने में सफल रहे हैं।

**6.** A Reflective teacher creates classroom situations for students to

(A) Listening the lecture.
(B) Taking notes from the lecture of the teacher.
(C) Maintaining classroom discipline.
(D) Promoting interaction between students and the teacher.

एक चिन्तनशील शिक्षक कक्षा–कक्ष में ऐसी परिस्थिति उत्पन्न करता है कि छात्र

(A) व्याख्यान सुन सकें।
(B) कक्षा–कक्ष में शिक्षक के व्याख्यान के नोट्स ले सकें।
(C) कक्षा–कक्ष में अनुशासन बनाये रखें।
(D) छात्रों और शिक्षक में पारस्परिक अन्त:क्रिया को प्रोत्साहन मिलें।

**7.** Action research means

(A) A longitude research.
(B) An applied research.
(C) A research initiated to solve an immediate problem.
(D) A research with socio-economic objective.

क्रियात्मक अनुसंधान का अर्थ है

(A) एक अनुदैर्ध्य अनुसंधान।
(B) एक अनुप्रयुक्त अनुसंधान।
(C) एक शोध जिससे तत्काल समस्या को हल किया जा सके।
(D) सामाजिक–आर्थिक उद्देश्य के साथ एक शोध।

**8.** According to NCF 2005, the role of a teacher has to be

(A) Permissive (B) Facilitator
(C) Authoritative (D) Dictatorial

NCF 2005 के अनुसार, एक शिक्षक की भूमिका होनी चाहिए

(A) अनुमोदक (B) सुविधादाता
(C) आधिकारिक (D) तानाशाह

9. Development proceeds from ________ to ________.

(A) General – Specific (B) Complex – Hard

(C) Specific – General (D) Simple – Easy

विकास ________ से ________ की ओर बढ़ता है ।

(A) सामान्य – विशिष्ट (B) जटिल – कठिन

(C) विशिष्ट – सामान्य (D) साधारण– आसान

10. Match the following Principles of Development with their correct description :

| | Name of Principle of Development | | Description of Principle |
|---|---|---|---|
| (1) | Proximodistal trend | (a) | Head to Toe Sequence |
| (2) | Cephalo-caudal trend | (b) | Different children develop at different rates |
| (3) | Inter-individual Differences | (c) | In a single child, the rate of development can vary from one domain of development to the other |
| (4) | Intra-individual Differences | (d) | Growth from the Centre of body to outwards |

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (d) | (a) | (b) | (c) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (C) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (D) | (d) | (b) | (a) | (c) |

निम्नलिखित विकास के सिद्धान्तों का उनके सही वर्णन से मिलान कीजिए :

| | विकास के सिद्धान्त का नाम | | सिद्धान्त का वर्णन |
|---|---|---|---|
| (1) | समीप – दूराभिमुख दिशा | (a) | सिर से पैर का क्रम |
| (2) | सिर – पदाभिमुख दिशा | (b) | विभिन्न बच्चे भिन्न-भिन्न दर से बढ़ते हैं । |
| (3) | अंतर्वैयक्तिक भिन्नताएँ | (c) | किसी एक बच्चे में विकास की दर, विकास के एक क्षेत्र की अपेक्षा दूसरे से भिन्न हो सकती है । |
| (4) | अंतरावैयक्तिक भिन्नताएँ | (d) | शरीर के केन्द्र से बाहर की ओर वृद्धि |

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (d) | (a) | (b) | (c) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (C) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (D) | (d) | (b) | (a) | (c) |

P.T.O.

**11.** The Nature and Nurture debates refer to

(A) Genetic and Environment (B) Behaviour and Environment

(C) Environment and Biology (D) Environment and Upbringing

प्रकृति एवं पोषण विवाद निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?

(A) आनुवंशिकी एवं वातावरण (B) व्यवहार एवं वातावरण

(C) वातावरण एवं जीवविज्ञान (D) वातावरण एवं पालन–पोषण

**12.** Which of the following statement or statements is/are false ?

(a) It is not necessary to understand that each child is unique.

(b) The child develops as unified whole.

(c) Any problem in one aspect of development is likely to affect the others.

(d) Development is a sequential process.

(A) (a), (b) and (c) (B) (b) and (c)

(C) (c) and (d) (D) Only (a)

निम्नलिखित में से कौन सा या कौन से कथन असत्य है/हैं ?

(a) यह समझना जरूरी नहीं है कि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है ।

(b) बच्चा एक एकीकृत पूर्ण के रूप में विकसित होता है ।

(c) विकास के एक पहलू में किसी समस्या की दूसरों को प्रभावित करने की सम्भावना होती है ।

(d) विकास एक आनुक्रमिक प्रक्रिया है ।

(A) (a), (b) और (c) (B) (b) और (c)

(C) (c) और (d) (D) केवल (a)

**13.** ________ occurs when there are orderly and progressive changes in a human being due to maturation and experience.

(A) Growth (B) Development

(C) Physical changes (D) Mental changes

________ तब होता या होती है, जब परिपक्वता और अनुभव के कारण मनुष्य में क्रमबद्ध और प्रगतिशील परिवर्तन होते हैं ।

(A) वृद्धि (B) विकास

(C) शारीरिक बदलाव (D) मानसिक परिवर्तन

**14.** Which of the following is not a characteristic of early childhood ?

(A) Pre-Gang age (B) Imitative age

(C) Questioning age (D) Toy age

निम्नलिखित में से कौन सी बचपन की विशेषता नहीं है ?

(A) प्राक्–टोली आयु (B) अनुकरणीय आयु

(C) सवाल करने की आयु (D) खिलौना आयु

**15.** Each person's work is a reflection of certain abilities, in performing any particular task, a person selects some of his mental abilities as a model. This principle was given by

(A) Thorndike (B) Thurstone

(C) Gilford (D) Thomson

प्रत्येक व्यक्ति का कार्य निश्चित योग्यताओं का प्रतिबिम्ब होता है, किसी विशेष कार्य को करने में व्यक्ति अपनी समस्त मानसिक योग्यताओं में से कुछ को प्रतिदर्श के रूप में चुनाव कर लेता है । यह सिद्धान्त किसने दिया ?

(A) थॉर्नडाइक (B) थर्सटन

(C) गिलफोर्ड (D) थॉमसन

**16.** Which of the following is projective technique of personality measurement ?

(A) Rating scale (B) Observation

(C) Interview (D) Thematic appreciation test

निम्न में से कौन सी व्यक्तित्व मापन की प्रक्षेपी विधि है ?

(A) निर्धारण मापनी (B) अवलोकन

(C) साक्षात्कार (D) कथानक संप्रत्यक्षण परीक्षण

**17.** I.Q. of a talented child is

(A) 130 (B) 140

(C) 55 (D) 120

प्रतिभाशाली बालक की बुद्धि लब्धि होती है

(A) 130 (B) 140

(C) 55 (D) 120

**18.** Schools should cater for individual differences to

(A) Make individual students feel exclusive.

(B) Narrow the gap between individual students.

(C) Not to assess the abilities and performance of students.

(D) Understand why students are able or unable to learn.

स्कूलों को व्यक्तिगत भिन्नताओं का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि

(A) प्रत्येक छात्र को विशिष्ट महसूस करवाने हेतु ।

(B) छात्रों के बीच के अन्तर को कम करने हेतु ।

(C) छात्रों एवं छात्राओं की क्षमताओं और प्रदर्शन को नहीं जानने के लिए ।

(D) समझने के लिए कि छात्र सीखने में समर्थ या असमर्थ क्यों हो रहे हैं ।

**19.** A child of 16 years age, scores 75 in I.Q. test. His mental age will be ________ years.

(A) 8 (B) 14

(C) 15 (D) 12

16 वर्ष आयु का बच्चा बुद्धि लब्धि परीक्षण में 75 अंक प्राप्त करता है, उसकी मानसिक आयु _______ वर्ष होगी ।

(A) 8 (B) 14

(C) 15 (D) 12

**P.T.O.**

**20.** Who gave the formula of I.Q. written below ?

$$\text{Intelligence Quotient} = \frac{\text{Mental age}}{\text{Chronological age}} \times 100$$

(A) William Stern (B) Terman

(C) Binet (D) Galton

बुद्धि लब्धि के लिए निम्नलिखित फार्मूला किसने दिया ?

$$\text{बुद्धि लब्धि} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{कालानुक्रमिक आयु}} \times 100$$

(A) विलियम स्टर्न (B) टर्मन

(C) बिने (D) गाल्टन

**21.** Creativity is usually associated with

(A) Hyperactivity (B) Low comprehension

(C) Convergent thinking (D) Divergent thinking

सृजनात्मकता मुख्यतः किससे सम्बन्धित है ?

(A) अतिसक्रियता (B) कम बोधगम्यता

(C) अभिसारी चिन्तन (D) अपसारी चिन्तन

**22.** Which of the following condition promotes adjustment ?

(A) Acute anxiety (B) Obsessive thought of guilt

(C) Fear of illness (D) Free from neurotic fears and anxiety

निम्नलिखित में से कौन सी स्थिति समायोजन को बढ़ावा देती है ?

(A) तीव्र चिन्ता (B) अपराध बोध के बारे में जुनूनी सोच

(C) बीमारी का डर (D) विक्षिप्त भय और चिंता से मुक्ति

**23.** Signs of gifted child are :

(i) Novelty in expression

(ii) Curiosity

(iii) Talkativeness

(iv) Hyper-activeness

(A) (i) and (iv) (B) (i) and (ii)

(C) (ii) and (iv) (D) (iii) and (iv)

प्रतिभाशाली बालक के लक्षण क्या हैं ?

(i) अभिव्यक्ति में नव्यता

(ii) जिज्ञासा

(iii) वार्तालाप प्रियता

(iv) अतिसक्रियता

(A) (i) और (iv) (B) (i) और (ii)

(C) (ii) और (iv) (D) (iii) और (iv)

**24.** Two opposite desires present in an individual at the same time is called

(A) Conflict (B) Frustration

(C) Anxiety (D) Pressure

एक व्यक्ति में एक समय पर दो विपरित इच्छाओं का होना कहलाता है

(A) द्वन्द्व (B) कुंठा

(C) चिन्ता (D) दबाव

**25.** Ravi's intelligence test indicates that he is in category average to above-average of intelligence. However, his grades in reading, spelling, social sciences and science are very low. His Math's grades are quite high and writing skills are adequate. Ravi most likely has

(A) Dyscalculia (Maths Disorder) (B) Dysgraphia (Writing Disorder)

(C) Dyslexia (Reading Disorder) (D) Dysphasia (Language Disorder)

रवि का बुद्धि परीक्षण इंगित करता है कि वह औसत से लेकर, औसत से अधिक बुद्धिमता की श्रेणी में आता है। हालांकि पढ़ने, वर्तनी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान में उसके ग्रेड बहुत कम हैं। उसके गणित के ग्रेड काफी अधिक हैं। रवि लेखन कौशल में अच्छा है। रवि में अधिक सम्भावना है

(A) डिसकैल्कुलिया (गणित से सम्बंधित विकृति)

(B) डिसग्राफिया (लेखन से सम्बंधित विकृति)

(C) डिसलेक्सिया (पढ़ने से सम्बंधित विकृति)

(D) डिसफेजिया (बोलने से सम्बंधित विकृति)

**26.** "Learning is a process of progressive behaviour adaptation." This statement was given by which educationist ?

(A) Skinner (B) Woodworth

(C) Crow and Crow (D) Gates and others

"सीखना व्यवहार में उत्तरोत्तर सामंजस्य की एक प्रक्रिया है।" यह कथन किस शिक्षाविद् के द्वारा दिया गया ?

(A) स्किनर (B) वुडवर्थ

(C) क्रो एवं क्रो (D) गेट्स एवं अन्य

**27.** Srishti is the student of class two. She was taught basic mathematics by the teacher. Next day while shopping she pointed out the mistake in total done by shopkeeper. Which type of learning is this ?

(A) Negative transfer (B) Positive transfer

(C) Bilateral transfer (D) Zero transfer

कक्षा – 2 की छात्रा सृष्टि को अध्यापिका ने मूल गणित विषय के सवाल करवाये, अगले दिन उसने बाजार में सामान खरीदने के उपरान्त दुकानदार द्वारा की गयी योग की गलती को चिह्नित करके सही करवाया। यह अधिगम का कौन सा प्रकार है ?

(A) नकारात्मक स्थानान्तरण (B) सकारात्मक स्थानान्तरण

(C) द्विपक्षीय स्थानान्तरण (D) शून्य स्थानान्तरण

P.T.O.

**28.** Which of the following theory is also known as theory of reinforcement ?

(A) Operant conditioning theory

(B) Stimulus response theory

(C) Classical conditioning theory

(D) Theory of insight

निम्न में से किस सिद्धान्त को पुनर्बलन का सिद्धान्त भी कहते हैं ?

(A) क्रियाप्रसूत अनुबन्धन सिद्धान्त

(B) उद्दीपक अनुक्रिया सिद्धान्त

(C) शास्त्रीय अनुबन्धन सिद्धान्त

(D) अन्तर्दृष्टि सिद्धान्त

**29.** Choose the example that illustrates intrinsic motivation.

(A) Vandana is working hard to score well in exams as she wants a gift from her parents.

(B) Urmila is completing her homework so that she can watch TV after completing her homework.

(C) Ila is reading more books so that she can secure first rank in District and her school get fame at District level.

(D) Megha is exploring various resources for her project because she loves learning new things.

निम्नलिखित में से उस उदाहरण का चयन कीजिए जो आंतरिक अभिप्रेरणा को दर्शाता है :

(A) वन्दना परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम कर रही है जिससे वह अपने माता-पिता से उपहार प्राप्त कर सके ।

(B) उर्मिला फटाफट गृहकार्य समाप्त कर रही है क्योंकि गृहकार्य समाप्त करके वह टी.वी. देख सकेगी ।

(C) इला बहुत सारी पुस्तकें पढ़ रही है क्योंकि वह जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम जिला स्तर पर रोशन करना चाहती है ।

(D) मेघा अपने परियोजना कार्य के लिए विभिन्न स्रोत तलाश रही है क्योंकि वह नई जानकारी प्राप्त करने में रुचि रखती है ।

**30.** Who among the following has not propounded the learning theory ?

(A) Thorndike (B) Skinner

(C) Kohler (D) B.S. Bloom

निम्न में से किसने अधिगम सिद्धान्त का प्रतिपादन नहीं किया ?

(A) थॉर्नडाइक (B) स्किनर

(C) कोहलर (D) बी.एस. ब्लूम